संक्षिप्त

व्यायामशाला अखाड़ा शुरू

श्रीमाधोपुर, (निसं)। बच्चों के लिए नि:शुल्क समर व्यायामशाला शिविर में कौशल क्षमता को जा विकसित किया जा रहा है। विहिप के जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि स्कूलों में ग्रीष्मावकाश शुरू होने के साथ ही कस्बा श्रीमाधोपुर के महावीर दल अखाड़े की ओर से नौनिहालों के हुनर की पहचान कर उन्हें जीवनोपयोगी रचनात्मक गतिविधियों के प्रति कौशल की जानकारी के लिए नि:शुल्क व्यामशाला अखाड़ा शुरू किया गया है। आयोजित किए जा रहे ग्रीष्मकालीन अभिरूचि शिविर में प्रतिदिन सुबह 5:30 से छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों को व्यायाम प्रदर्शन और शस्त्र चलाना सिखाया जा रहा है।

पांच किलो डोडा चूरा जप्त

मालपुरा, (निसं)। डिग्गी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध डोडा चूरा परिवहन करते एक युवक को गिरफ्तार कर पांच किलो डोडा चूरा जप्ती की कार्यवाही की। थानाधिकारी ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर एक युवक को रोक कर की गई पूछताछ व ली गई तलाशी में युवक के पास पांच किलो अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद होने पर उसे जप्त कर आरोपी युवक शिवराज उर्फ श्योराज पुत्र गीलाराम गुर्जर निवासी तांतिया को गिरफ्तार किया गया।

चिकित्सा परामर्श शिविर 21 को

श्रीमाधोपुर, (निसं)। स्वर्गीय चंद्र मणि शर्मा धर्मार्थ संस्थान चिकित्सालय श्रीमाधोपुर में 21 मई रविवार को प्रात: 9 से 12 बजे तक नि:शुल्क न्यूरोलॉजी चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के युगल किशोर शर्मा ने बताया कि शिविर में डॉक्टर अंजनी कुमार शर्मा न्यूरो फिजिशियन सी के बिरला हॉस्पिटल जयपुर लकवा,मिर्गी,स्पाइन ,माइग्रेन ,न्यूरो से संबंधित मरीजों को नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श देंगे।

शनि महोत्सव कल

निवाई, (निसं)। भगवान शनिदेव की जयंती महोत्सव शनिवार को शिवाजी पार्क स्थित शनि मंदिर में मनाया जाएगा। मंदिर पुजारी राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शनिवार सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक निज मूर्ति का तेल से अभिषेक किया जाएगा। उन्होने बताया कि जयंति को लेकर मंदिर में हवन, अनुष्ठान एवं संकीर्तन किए जाएंगे।

सांसद राठौड़ ने 173 दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक अंग उपकरण वितरित किए

कार्यक्रम के दौरान सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने दिव्यांगजनों से बात कर समस्याओं को सुना।

■ प्रधानमंत्री ने समझा दिव्यांगजनों की ताकत को, व्यवहार और कानून से किया मजबूतः कर्नल राज्यवर्धन

पावटा/कोटपूतली, (निसं)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ द्वारा जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में चार दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को पावटा पंचायत समिति परिसर में 173 दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक अंग उपकरण वितरित किए।

उन्होंने गुरुवार को विराटनगर, शाहपुरा, कोटपूतली एवं पावटा पंचायत समिति के दिव्यांगजनों को एम.आर.किट, बैसाखी, छडी, मोटराईज्ड ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, रोलेटर, ट्राई साईकिल, सी.पी चेयर, कान की मशीन और कृत्रिम अंग बांटे। इस अवसर पर कर्नल राज्यवर्धन ने कहा जब पूरी दुनिया 3 दिसबर को विश्व विकलांग दिवस मनाती है तो 2015 के बाद से भारत में इस दिन को विश्व दिव्यांग दिवस के रूप में मनाया जाता है।

कर्नल राज्यवर्धन ने कहा दिव्यांगजन अपने परिवार, समाज और देश के लिए सामान्य व्यक्ति से भी अधिक काम कर सकते है। उन्होंने कहा मोदी सरकार ने दिव्यांगजनों की ताकत को समझते हुए उन्हें व्यवहार से ही नहीं बल्कि कानून से भी मजबूत बनाया। मोदी सरकार ने 1995 के कानून में लिखी दिव्यांगजनों की परिभाषा को बदला और जहां दिव्यांगजनों की सिर्फ 7 श्रेणीयां थी उसे भी बदलकर 21 श्रेणीयां शामिल की। भारत सरकार द्वारा शिक्षा एवं रोजगार में अवसर प्रदान करने के लिए दिव्यांगजनों को विशेष ऋण दिए जाते हैं व प्रत्येक दिव्यांग को एक हजार रूपये की सहायता दी जाती है और जो संस्थाए दिव्यांगजनों के लिए काम करती है उसे भी भारत सरकार पांच लाख रूपये तक का ऋण देती है। इस दौरान सांसद राठौड ने दिव्यांगजनो व उनके साथ आये लोगों से बात कर उनकी समस्याओं को सुन तुरंत समाधान हेतु विकास अधिकारी राकेश वर्मा सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस मौके पर पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड़, कोटपुतली भाजपा नेता मुकेश गोयल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली से आई मेडिकल टीम डॉ. अविनाश यादव, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. हरीश सोलंकी मौजूद रहे। वहीं इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा, पावटा प्रधान पूजा चौधरी, भाजपा नेता जगन चौधरी, भाजपा नेता कोटपुतली मुकेश गोयल, रानी रत्ना कुमारी, पूर्व सरपंच राजेश यादव, हीरालाल रावत, राजेंद्र रहीसा, कन्हैयालाल मीणा, यादराम जांगल, निर्मल पंसारी, रोहिताश ताखर, जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, बद्री प्रसाद चौहान, सरपंच कैलाश स्वामी, किरण शर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी, जयराम सिंह, हरिराम कपूरिया, भागीरथ यादव, सहित बडी संया मे भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

चाकसू क्षेत्र के पहले वयोवृद्ध समाचार पत्र वितरक का निधन

चाकसू, (निसं)। वर्ष 1967 से चाकसू क्षेत्र में गांव-गांव घर-घर समाचार पत्र पहुंचाने वाले सबसे पहले समाचारपत्र वितरक का कार्य

आरम्भ करने वाले जुझारू व्यक्तित्व के धनी 83 वर्षीय वयोवृद्ध लडूलाल गर्ग का मंगलवार को निधन हो जाने पर गुरुवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में चाकसू कस्बे के साथ साथ आसपास के गांवों से लोग उमड़ पडे। सभी समाज, सम्प्रदाय, सामाजिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा सभी राजनीतिक दलों के लोग दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे। वर्तमान में उनका कार्य उनके चारों पुत्र संभाल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राजस्थान पत्रिका जब मात्र 10पैसे का आता था, राष्ट्रदूत एवं नवज्योति आने लगा था। वर्ष 1967 से लडूलाल गर्ग समाचार पत्र लेने के लिए रात को ही जयपुर जा कर वितरण काउंटर पर सोते एवं गिनती के पेपर कंधे पर रखकर बस से सफर कर चाकसू पहुंचते एवं सरकारी कार्यालयों एवं घर घर वितरण करते। गर्ग ने यहां कृषि उपज मंडी समिति में अपनी सेवाएं दी एवं कनिष्ठ सहायक के पद से वर्ष 2000 में सेवानिवृत्त हुए। लेकिन समाचार पत्र पत्रिकाओं के वितरण का कार्य नहीं छोड़ा।

विद्युत कर्मचारियों ने ज्ञापन दिया

चाकसू, (निसं)। विद्युत विभाग सहायक अभियंता कार्यालय के अधिनस्थ लगभग तीन दर्जन कर्मचारियों ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को सहायक अभियंता से मिलकर ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में बताया कि विद्युत विभाग में बढ़ रहे कार्यों को देखते हुए सहायक अभियंता कार्यालय के पास न तो पर्याप्त कर्मचारियों की संख्या है और न ही पर्याप्त उपकरण एवं संसाधन है। ऐसी स्थिति में आएं दिन जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। एसटीआर में लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें बढ़ रही है। तकनीकी कर्मचारियों को कार्यालय में लगाया जा रहा है। क्षेत्र में तीन पावर ट्रांसफार्मर 3.5 एमवीए के स्थापित है, 11 केवी के 13 फीडर है जो मात्र तीन साक्षर कर्मचारियों के भरोसे चल रहे हैं। पीटीडब्ल्यू वर्क बुक की पालना नहीं हो रही। कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका अधूरी पड़ी है, उनमें एंट्री ही नहीं की जा रही। सब-डिवीजन में पर्याप्त संख्या में तकनीकी एवं सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति किए जाने की मांग की गई है। कर्मचारियों के प्रतिनिधियों ने सहायक अभियंता को 34 कर्मचारियों के हस्ताक्षर युक्त आठ सूत्रीय मांग पत्र दे कर समस्याओं के अविलंब समाधान की मांग की है।

चिकित्सालय रंग रोगन से वंचित

देवली, (निसं)। आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं यूनानी दवाखाना के भवन को रंग रोगन से वंचित रखा हुआ है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों शहर में पालिका प्रशासन द्वारा शहर के सरकारी भवनों एवं चारदीवारियों व बाग बगीचों की सुरक्षा दीवारों पर रंग रोगन कार्य शहरी नरेगा श्रमिकों से करवाया जा जाकर सरकारी संपत्ति की देखभाल की जा रही है। लेकिन इसी के बीच यहां आयुर्वेदिक चिकित्सालय और यूनानी दवा खाने के बदरंग भवन को रंग रोगन के अभाव में बनाए हुए है। यूनानी दवा खाने के चिकित्सक लियाकत अली मंसूरी ने पालिका प्रशासन पर सरकारी भवनों की देखरेख में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि आयुर्वेदिक और यूनानी दवाखाना रंग रोगन के अभाव में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। पालिका प्रशासन ने उक्त भवन के प्रति भेदभाव भरी नीति अपनाई हुई है। कभी पट्टे आवंटन के लिए तो कभी मरम्मत के लिए तो कभी पुताई रंग रोगन के लिए।

यूपी पुलिस के पूर्व डी.जी.पी. का सम्मान

श्रीमाधोपुर, (निसं)। अजीतगढ़ कस्बे के जयपुर रोड पर स्थित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय में यूपी पुलिस के पूर्व पुलिस महानिदेशक गोपाल लाल मीणा का सम्मान समारोह पद्मश्री जगदीश पारीक की मौजूदगी में किया गया। इस मौके पर पूर्व डीजीपी मीणा ने कहा कि अब मैं मेरा समय जनता को दूंगा तथा सामाजिक सरोकारों के कार्यों में हिस्सा लूंगा। इससे पहले पूर्व डीजीपी को साफा बंधवाकर तथा माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इसके बाद पूर्व डीजीपी ने बावलियां बाबा के दर्शन कर अखंड खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सोसायटी के उप संरक्षक सदस्य ओमप्रकाश कुमावत, विजय यादव,कपिल मीणा,जीव सेवा संघ अध्यक्ष महेश दीवान, क्षेत्रीय विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ, रामजीलाल मीणा, रविकांत आर्य, हेमंत शेखावत, रितिक कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक आयोजित

दौसा, (निसं)। राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक का आयोजन जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में गुरूवार को किया गया। बैठक में जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी राजकीय अस्पतालों में साफ सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए, वार्डो में गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पीने के पानी, कूलर व पंखे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि मरीजों को असुविधा का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिले में संभावित मौसमी बीमारियों के संबंध में समस्त चिकित्सा अधिकारी सतर्कता बरतें एवं जिले के शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधाए मुहैया करवाने तथा चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों का समय पर लाभ दिलवाने के लिए सभी चिकित्सा अधिकारी सक्रिय रहकर कार्य करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुभाष बिलोनिया, उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपक शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

चिकित्सा मंत्री ने दो कक्षा कमरों का उद्घाटन किया

रामगढ़ पचवारा/लालसोट, (निसं)। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि महंगाई राहत शिविरों में पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिलने से चौतरफा माहौल उत्साह पूर्ण हुआ है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने गुरुवार को रामगढ़ पचवारा उपखंड की जगनेर ग्राम पंचायत में राजकीय विद्यालय के दो अतिरिक्त कक्षा कक्षों के उद्घाटन के दौरान उद्गार व्यक्त किए।

■ 'योजनाओं का लाभ मिलने से लोगों में उत्साह'

रामगढ़ पचवारा की जगनेर ग्राम पंचायत में अतिरिक्त कक्षा कक्षों का चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने उद्घाटन किया।

मंत्री मीणा ने कहा कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा कक्षों की उपलब्धता से यहां अध्ययनरत छात्र छात्राओं को बैठने की सुविधा प्राप्त होने के साथ शैक्षिणक गतिविधियों में भी सुगमता मिलेगी। मंत्री मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महंगाई राहत कैंपों के तहत लोगों का राज्य सरकार की जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं में पंजीकरण कर उन्हें लाभ पहुंचाया जा रहा है। कैंप में निरीक्षण करने पहुंचे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री मीणा ने मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किये। लाभार्थियों ने राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं को आमजन के लिये वरदान बताया गया। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा महारिया ग्राम पंचायत में 875 परिवारों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरण कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम को रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति की प्रधान डॉ कोशल्या मीणा द्वारा भी संबोधित किया गया। इसी तरह लालसोट पंचायत समिति की महारिया ग्राम पंचायत में महंगाई राहत शिविर में 875 पात्र परिवारों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान विकास अधिकारी राजाराम मीणा तहसीलदार मदनलाल मीणा सहायक एवं प्रभारी हरकेश मीणा मोहन लाल मीणा सहायक विकास अधिकारी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अशोक मीणा प्रगति प्रसार अधिकारी विमल कुमार जैमन ग्राम विकास अधिकारी रघुनंदन मीणा सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

दर्जनों दुकानों से खाद्य सैम्पल लिये

किशनगढ़ रेनवाल, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देश पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत किशनगढ़ रेनवाल तहसील के आधा दर्जन प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर बी एल मीणा के निर्देशन में गठित टीम ने किशनगढ़ रेनवाल शहर में करीब तीन दुकानों से घी, मैदा, बेसन, सूजी एवं सरसों के तेल सोस और कैंडी टॉफ़ी के सैंपल लिए गए। इसी प्रकार पचकोडिया दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति रघुनंदनपुरा बीएमसी से दूध का सैंपल व पचकोडिया बस स्टैंड से किराना स्टोर की दुकान से हल्दी व मिर्च पाउडर के सैंपल लिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अचानक की गई कार्यवाही के बाद व्यापारियों में हड़कंप मच गया। किराना एवं मिठाई की दुकानें बंद हो गई।

नाला निर्माण को रोकने की मांग

देवली, (नि स) यहां निकटवर्ती भीलवाड़ा जिले के हनुमान नगर थाना क्षेत्र की बस्ती में टोंक जिले की देवली नगर पालिका द्वारा करोड़ों की लागत पर रोड एवं नाला निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। यहां देवली पालिका द्वारा करवाए जा रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर हनुमान नगर थाना बस्ती के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है। नाला निर्माण कार्य से नाराज हनुमान नगर क्षेत्रवासियों ने देवली पालिका अध्यक्ष और नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर नाला निर्माण कार्य रोकने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया कि शहर के समीप हनुमान नगर थाना क्षेत्र के राजभवर होटल से लेकर अजमेर बाईपास तक पालिका प्रशासन द्वारा रोड और नाला निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। उक्त कार्य में नाला निर्माण के बाद पानी को विपरीत दिशा में मोड़ कर प्राकृतिक बहाव को अवरुद्ध करने जेसी योजना बनाई हुई है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नाले के निर्माण में प्राकृतिक बहाव लेबल से लगभग डेढ़ मीटर ऊंचा है। जिसके कारण वर्षा ऋतु में बारिश का पानी नाले के बहाव से वितरित दिशा में बह कर नाले में ही एकत्रित बना रहेगा। यहां कुछ निर्माण जानकारों का मानना है कि पालिका प्रशासन ने रोड निर्माण में नाले के निर्माण पर नाले के पानी के बहाव की कोई योजना नहीं बनाई है। जिस स्थान पर नाले का अंतिम छोर है वहां पर गंदे पानी के निस्तारण होने की कोई प्राकृतिक स्थिति या क्षेत्र दिखाई नहीं दे रहा है। ज्ञापन देने में अल्ताफ हुसैन मुकेश टाक आबिद रामप्रसाद लक्ष्मी नारायण फैजान अहमद चेतन कुमार सफीक अहमद प्रेमराज इत्यादि कई दर्जन लोग शामिल थे।

सुरेश कुमार मीणा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका देवली का कहना है कि कोटा रोड पर जिस नाले का निर्माण हो रहा है। वह निर्माण पालिका के सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता के तकनीकी सर्वे के आधार पर हो रहा है। गंदे पानी का बहाव का निस्तारण प्राकृतिक बहाव क्षेत्र में ही होगा वहां सरकारी जमीन है।

20 व 21 को पेयजल सप्लाई बंद रहेगी

निवाई, (निसं)। शहर की शिवाजी कॉलोनी में मुख्य राईजिंग लाइन के मिलान कार्य के चलते दो दिन तक पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता नितिन जैन ने बताया कि 20 व 21 मई को शिवाजी कालोनी में मुख्य राईजिंग लाईन का मिलान कार्य किया जाएगा।

इस वजह से शिवाजी कालोनी टंकी क्षेत्र, सिन्धी कालोनी, भगतसिंह कालोनी, हरिजन बस्ती टोंक रोड एवं पल्लेदारों का मौहल्ला में पेयजल आपूर्ति बंद रहेगी।

महायज्ञ की तैयारियों को अंतिम रूप दिया

मंडावरी, (निसं)। कस्बे के श्री राम चरण धाम पर रामनवमी के अवसर पर नौ दिवसीय होने वाले श्रीमद्भागवत कथा एवं विशाल शिव शक्ति महायज्ञ को ध्वज रोपण पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रम तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

संत राम चरण भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडावरी 25 मई से 2 जून विशाल शिव शक्ति महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस विशाल श्रीमद् भागवत कथा व शिवशक्ति महायज्ञ को लेकर आसपास के जिलों में पोस्टर एवं पीले चावल बांटकर प्रचार-प्रसार कार्यक्रम से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। बताया की श्रीमद्भागवत कथा एवं विशाल शिवशक्ति महायज्ञ का मुहूर्त के साथ विद्वानों की मौजूदगी एवं उनके श्रीमुख से उच्चारित मंत्रोच्चार के साथ विधिवत नौ दिवसीय आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा एवं विशाल शिवशक्ति महायज्ञ कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संत भगत ने बताया कि इस महायज्ञ के दौरान कथा व्यास राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर राघव दास महाराज श्री वृंदावन धाम व यज्ञ आचार्य जयप्रकाश शास्त्री श्री वृंदावन धाम रहेगे। इसके लिए व्यापक तौर पर प्रचार प्रसार कर सभी को आमंत्रित किया जा रहा है।

भाजपा की प्रेस वार्ता में कांग्रेस सरकार पर लगाये आरोप

टोंक, ()। भारतीय जनता पार्टी टोंक द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन सर्किट हाउस में किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं सचिन पायलट की अंतकलह के कारण साढे

■ महंगाई राहत कैंप के माध्यम से कांग्रेस राजनीतिकरण कर रही है : चतुर्वेदी

टोंक में आयोजित प्रेस वार्ता में अरुण चतुर्वेदी मुख्य वक्ता रहे।

4 साल से प्रदेश की आम जनता को राहत देने की बजाय दिव्यांग, बुजुर्ग, महिलाओं को कड़ी धूप में कई घंटे खड़ा करके प्रताड़ित किया जा रहा है।

महंगाई राहत कैंप के माध्यम से कांग्रेस सरकार राजनीतिकरण कर रही है। राज्य सरकार फ्यूल सरचार्ज के नाम से घरेलू उपभोक्ताओं से हर माह वसूली कर रही है। गहलोत सरकार ने घोषणा की थी कि 5 वर्ष तक बिजली की दरें नहीं बढ़ाएंगे, परंतु 6 बार से अधिक बिजली की दर में बढ़ोतरी की है। चतुर्वेदी ने कहा कि केंद्र सरकार की कुसुम योजना के तहत किसानों को सोलर पंप दिए जाने थे, परंतु राज्य सरकार की उदासीनता के कारण किसानों को सोलर पंप नहीं दिए गए। कांग्रेस सरकार के मंत्री खुले मंच से अपनी सरकार को देश की सबसे भ्रष्ट सरकार बता रहे हैं। महंगाई राहत शिविरों में आमजन को सिवाय परेशानी के कोई लाभ नहीं होगा। अडानी टैक्स लगाकर कांग्रेस सरकार आम लोगों पर बोझ डालने का काम कर रही है। पेयजल संकट की स्थिति प्रदेश में बदतर है। 11440 गांव में पानी के टैंकर भिजवाए गए, लेकिन उनका भुगतान नहीं होने के चलते पेयजल व्यवस्था ठप हो गई है। प्रदेश के सैकड़ों गांवों में पेयजल व्यवस्था रामभरोसे है। केंद्र सरकार की जल मिशन योजना का बुरा हाल करने में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। महंगी बिजली खरीदने के बाद भी कटौती का संकट उद्योगों को झेलना पड़ रहा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, टोड़ा-मालपुरा विधायक कन्हैया लाल चौधरी, जिला प्रमुख सरोज बंसल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी जैन, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, राजेन्द्र गुर्जर, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री चंद्रवीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश माहुर, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, दीपक संगत, जगदीश गुर्जर, जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, विष्णु शर्मा, नरेश बंसल, जिला नीलिमा आमेरा, ओमप्रकाश गुप्ता, अनिल टिक्किवाल आदि मौजूद थे।

भाजपाइयों ने प्रदर्शन किया

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा में हो रही अघोषित विद्युत कटौती व फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने एवं अनियमित जलापूर्ति के खिलाफ गुरुवार को जोबनेर रोड स्थित विद्युत कार्यालय के सामने भाजपा मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन किया। साथ ही कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया। इसी तरह जलदाय विभाग के बाहर भी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इस भीषण गर्मी में जनता को अनियमित जलापूर्ति व क्षेत्र में फैली हुई पानी की पाईप लाइनों में काफी लम्बे समय से जगह-जगह पर लीकेज मरम्मत नहीं करने सहित पर्याप्त मात्रा में पानी की सप्लाई नहीं देने को लेकर कनिष्ठ अभियंता को भी ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर भाजपा मण्डल के महामंत्री मुरारी लाल सिवाल, संदीप जैन, पार्षद सरदार सिंह चौधरी, मदन लाल गढ़वाल, नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक, यतेंद्र झांकड़ा, जितेन्द्र वर्मा, तारा चन्द सैनी, आशा सैनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कुमावत, युवा मोर्चा अध्यक्ष दौलत सिंह राठौड़, सुमित्रा नाथावत, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष महेश सोनी, पूर्व पालिका अध्यक्ष रतन राजौरा, मण्डल मंत्री मुकेश पारीक, नन्दकिशोर शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर (राज.)

No.:F-2(01)Acct/Contract/2023-24/68-70 Date: 18-05-2023

"ई-निविदा संशोधन सूचना"

न्यास द्वारा जारी ई-निविदा सूचना संख्या: 07/2023-24 के निविदा कार्य की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया गया है, ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड एवं EMD Tender Fee & Processing Fee Online दिनांक: 14-06-2023 को सांय: 6:00बजे तक जमा की जा सकेगें एवं दिनांक 15-06-2023 को प्रात: 11:00 बजे खोली जावेगी।

अधिशाषी अभियन्ता-प्रथम
नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर

पंजाब नैशनल बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) **pnb punjab national bank** (Govt. of India Undertaking)

आयोजना एवं विकास विभाग, द्वितीय तल, नेहरू प्लेस, टोंक रोड़, जयपुर
मंडल कार्यालय: जयपुर-सीकर

आरसेटी बलेखन (जिलाःजयपुर) में 'कार्यालय सहायक' (कुल पद 1) की भर्ती हेतु

▪ पद का नाम/संख्या- कार्यालय सहायक-1 ▪ योग्यता एवं अन्य पात्रताएं- बीएसडब्लू/बी.ए/बी.कॉम. के साथ कम्प्यूटर ज्ञान अनिवार्य। सामान्य लेखांकन जानने वाले को प्राथमिकता। स्थानीय हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा की जानकारी। एम.एस.ऑफिस, टैली व इंटरनेट में कुशल एवं हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग को प्राथमिकता। चयन लिखित परीक्षा, साक्षात्कार द्वारा। ▪ मानदेय रु. 12000/- प्रतिमाह। ▪ आवेदन की अंतिम तिथि 05.06.2023 है। ▪ आयु सीमाः विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक 20.05.2023 को आवेदनकर्ता की न्यूनतम आयु 22 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र आयु, योग्यता व अनुभव के प्रमाण-पत्रों की प्रतियों व बायोडेटा सहित दिनांक 05.06.2023 सायं 5.00 बजे तक **'आयोजना एवं विकास विभाग, द्वितीय तल, नेहरू प्लेस, टोंक रोड़, जयपुर मंडल कार्यालयः जयपुर-सीकर 302015'** को रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित करे, अन्य कोई माध्यम द्वारा आवेदन मान्य नहीं होंगे। अंतिम तिथी को सायं 5.00 बजे पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएगे।

मण्डल प्रमुख

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड IDFC FIRST Bank
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

क्रम संख्या	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम	सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि	सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि	सम्पत्ति का पता
1	7708147 एवं 7958894	होम फायनेन्स एचएल एवं होम फायनेन्स एलएपी	1. सचिन शर्मा 2. सुमन शर्मा	17.12.2022	17,32,734.92-	प्लाट नं. 136 का पश्चिमी भाम का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 91.66 वर्गगज, पार्वती नगर, बेनार रोड, जयपुर (राज.) और सीमायें है- पूर्व-प्लाट नं.136 का पूर्वी भाग, पश्चिम-प्लाट नं.132, उत्तर-प्लाट नं.133, दक्षिण-रोड 40 फिट चौडी

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
दिनांक- 19.05.2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान- जयपुर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)